कार्यालय निदेशक माध्यमिक शिक्षा, राजस्थान, बीकानेर

–:: कार्यालय आदेश ::–

इस कार्यालय के आदेश क्रमांकः शिविरा/मा/संस्था/सी–4/रजीगृ/कृष्णाकान्त सुथार/या. सं. 8010/18 दिनांकः 11.01.2019 के द्वारा राउमावि, बड़गांव, उदयपुर में दोहरा पदस्थापन हो जाने के कारण श्रीमती प्रमीला श्रीमाली, व्याख्याता रसायन विज्ञान को राआउमावि, चित्रावास (सायरा), उदयपुर पदस्थापित किया गया।

श्रीमती प्रमीला श्रीमाली द्वारा माननीय राजस्थान उच्च न्यायालय, जोधपुर में या.सं. 969/2019 दायर कर इनका पदस्थापन राउमावि, सकरोदा में रसायन विज्ञान के रिक्त पद पर करने हेतु निवेदन किया था। माननीय उच्च न्यायालय द्वारा इनका पदस्थापन राउमावि सकरोदा, उदयपुर में करने हेतु निर्देश दिये गये थे।

राउमावि, सकरोदा, उदयपुर में व्याख्याता रसायन विज्ञान का पद रिक्त नहीं है, क्योकि यहां कार्यरत व्याख्याता श्री अनिल अग्रवाल द्वारा स्वैच्छिक सेवानिवृत्ति चाही गई थी, लेकिन श्री अग्रवाल आरवीआरईएस से चयन होने के कारण इनकी स्वैच्छिक सेवानिवृत्ति शासन द्वारा स्वीकृत नहीं की गई।

अतः राउमावि, सकरोदा में पद रिक्त नहीं होने के कारण तथा राआउमावि, चित्रावास (सायरा) में विज्ञान संकाय समाप्त हो जाने के कारण श्रीमती प्रमीला श्रीमाली व्याख्याता रसायन विज्ञान का समायोजन राउमावि बड़गांव से राउमावि सगथडा, सराडा (08260910401) उदयपुर में किया जाता है। संबंधित संस्था प्रधान इनको नवीन पदस्थापन हेतु तत्काल कार्यमुक्त कर इस कार्यालय को सूचित करें।

इन्हे नियमानुसार यात्रा भत्ता एवं योगकाल देय होगा।

(नथमल डिडेल)
निदेशक
माध्यमिक शिक्षा, राजस्थान
बीकानेर

क्रमांकः शिविरा/मा/सी–4/रजीगृ/दोहरा पदस्थापन/2019–20 दिनांकः 16.09.19

प्रतिलिपिः– निम्नांकित को सूचनार्थ एवं पालनार्थ प्रेषित हैः–

1. विशिष्ठ सहायक, माननीय शिक्षा राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) राजस्थान, जयपुर।
2. संयुक्त शासन सचिव, शिक्षा (ग्रुप–2) विभाग, राजस्थान जयपुर।
3. संयुक्त निदेशक (स्कूल शिक्षा), उदयपुर।
4. जिला शिक्षा अधिकारी (मुख्यालय) माध्यमिक, उदयपुर।
5. अनुभाग अधिकारी, कम्प्यूटर अनुभाग कार्यालय हाजा विभागीय वेबसाईट पर अपलोड करने बाबत्।
6. संबंधित संस्था प्रधान..
7. संबंधित कार्मिक..
8. निजी/रक्षित पत्रावली।

संयुक्त निदेशक (कार्मिक)
माध्यमिक शिक्षा, राजस्थान
बीकानेर